## संपादकीय

# लिज ट्रस की चुनौतियां

ऋ षि सुनक का मूल निश्चित रूप से उनके लिए नुकसान का पहलू साबित हुआ। वरना, योग्यता के लिहाज से सुनक ट्रस पर न सिर्फ बीस, बल्कि उससे कहीं ज्यादा भारी पड़ते हैं। लिज ट्रस के आगे अगर कोई ब्रिटिश मूल का उम्मीदवार होता, तो वे शायद इतनी आसानी से कंजरवेटिव पार्टी के नेता का चुनाव नहीं जीत पातीं। ऋषि सुनक का मूल निश्चित रूप से उनके लिए नुकसान का पहलू साबित हुआ। वरना, योग्यता के लिहाज से सुनक ट्रस पर न सिर्फ बीस, बल्कि उससे कहीं ज्यादा भारी पड़ते हैं। बहरहाल, अब ब्रिटेन की बागडोर उस नेता के हाथ में है, जिसके ज्ञान और समझ को लेकर अतीत में लतीफे तक प्रचलित हुए हैं। और ये बागडोर उनके हाथ में उस समय आई है, जब ब्रिटेन पर आर्थिक चुनौतियों का भारी अंबार है। विशेषज्ञों ने अंदेशा जताया है कि लिज ट्रस के कार्यकाल में ब्रिटेन की आर्थिक मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। इसमें शायद कोई कोई नहीं है कि लिज ट्रस के प्रधानमंत्री बनने पर सरकार पर कर्ज के बोझ की स्थिति और खराब होगी। ट्रस ने टैक्स में भारी छूट देने का वादा किया है। साथ ही उन्होंने ऊर्जा संकट से जूझ रहे लोगों को अधिक राहत पहुंचाने का वादा भी किया है। जबकि अर्थशास्त्रियों का कहना है कि कर्ज पर काबू पाने में सरकारों की नाकामी के कारण निवेशकों का भरोसा टूट रहा है। उनके मुताबिक अगर अगली सरकार ने कर्ज और बढ़ाने वाली नीतियां अपनाईं, तो ब्रिटेन लंबी मंदी के दौर में फंस सकता है। ब्रिटेन पहे ही अब उन देशों में शामिल हो चुका है, जिन पर उनके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के बराबर कर्ज चढ़ गया है। 2021 के पहले बीते छह दशक में पहले ऐसा कभी नहीं हुआ था, जब ब्रिटेन में जीडीपी और कर्ज अनुपात 100 फीसदी हुआ हो। इसे ब्रिटेन की बिगड़ती आर्थिक स्थिति का एक और संकेत माना जा रहा है। कोरोना महामारी और यूक्रेन युद्ध के बाद से गहराते गए ऊर्जा संकट के बीच ब्रिटिश सरकार को बाजार से अधिक कर्ज लेना पड़ा है। विशेषज्ञों के मुताबिक अगले चार से पांच साल में ब्रिटेन पर उसकी जीडीपी की तुलना में 100 फीसदी से भी ज्यादा बने रहना सामान्य बात हो जाएगा। फिलहाल देश गहरे ऊर्जा संकट में है, जिसके बीच लोगों को राहत पहुंचाने पर सरकार को अपने खजाने से खर्च करना पड़ रहा है।

# गडकरी ने गुणात्मक सुधारों के लिए सभी के सहयोग पर दिया जोर

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुणात्मक सुधारों के लिए सभी हितधारकों के बीच सहयोग पर जोर दिया है।



गडकरी ने परिवहन क्षेत्र में भविष्य केकार्यसंबंधी नए विचारों के लेकर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'मंथन-आइडिया टू एक्शन' का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा, हमें मतभेदों को दूर करना चाहिए और हमारी सोच भी अलग-अलग नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों को एक-दूसरे के मुद्दों को समझना चाहिए और आपसी सहमति से भविष्य की नीतियों की योजना बनाने पर ध्यान देना चाहिए ताकि हमारे देश के वाहनों को चलाने के लिए भारत में बने ईंधन का ही इस्तेमाल हो। मंत्री ने भारत को अग्रणी विकसित देश बनाने के लिए नई वस्तुओं के निर्माण के लिए गुणात्मक योगदान और दूरदृष्टि पर जोर दिया।

श्री गडकरी ने भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए बहु-मॉडल परिवहन के साथ एक एकीकृत दृष्टिकोण का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत यात्री यातायात और 70 प्रतिशत माल यातायात सडक़ों का उपयोग करता है। उन्होंने कहा कि हमें एक ऐसा एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है जिसमें जलमार्ग, रेलवे और हवाई अड्डे आपस में जुड़े हुए हों और इसमें रसद पार्क एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि यदि राज्य सरकारें भूमि उपलब्ध कराती हैं, तो सडक़ परिवहन मंत्रालय इन लॉजिस्टिक्स पार्कों के निर्माण की सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि निर्माण लागत को कम करना होगा जबकि निर्माण की गुणवत्ता में काफी सुधार करना होगा।

.श्री गडकरी ने कहा कि भारत में कारोबार की लागतों में लाजिस्टिक्स पर खर्च को औसतन 16 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यक है। चीन में यह अनुपात 10 प्रतिशत और यूरोप में 12 प्रतिशत पर है।

श्री गडकरी ने कहा कि मंत्रालय, पर्यावरण और वन मंत्रालय के साथ, एक 'ट्री बैंक' परियोजना लेकर आया है, जिसमें भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) राजमार्गों के किनारे पेड़ लगाएगा, इस प्रकार हरित कवरेज का विस्तार होगा। उन्होंने बताया कि मंत्रालय ने 80 लाख से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने वाले पेड़ खरीदे हैं, और इनसे पर्यावरण को बचाए रखने में मदद मिलेगी। इसके परिणामस्वरूप, हरित कवरेज में भारत की रैंकिंग पहले ही ऊपर जा चुकी है।

राज्यों और केंद्र के बीच सहयोग का आह्वान करते हुए, उन्होंने कहा कि केवल छह राज्यों ने 16,000 करोड़ रुपये की सुदूर संचालित वाहन परियोजना के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। राज्यों को इसका स्वामित्व लेने के लिए आगे आने की आवश्यकता है क्योंकि इससे अंतत: उन्हें ही लाभ होगा।

# दक्षिण पूर्व रेलवे ने अप्रैल-अगस्त में 27 प्रतिशत अधिक कोयला ढोया



**कोलकाता ।** दक्षिण पूर्व रेलवे (एसईआर) ने चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों (अप्रैल-अगस्त, 2022-23) के दौरान में कोयला लदान में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में करीब 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एसईआर ने आधिकारिक आंकडों के बारे में यह जानकारी दी।

एसईआर ने बताया कि अप्रैल-अगस्त, 2022-23 दौरान कुल माल ढुलाई से अर्जित होने वाली आय बढक़र 7039.60 करोड़ रुपये हो गई है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 6646.93 करोड़ रुपए की तुलना में 5.91 प्रतिशत अधिक है।

एसईआर ने बताया कि चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में कुल 8.18 करोड टन माल ढुलाई की है। जिसमें से इस अवधि में 2.11 करोड़ टन कोयले की ढुलाई की है। बयान के मुताबिक चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में कोयला ढुलाई पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 26.65 प्रतिशत अधिक है।

रिपोर्ट के अनुसार इस अवधि में उसकी माल ढुलाई में कोयला, लौह अयस्क, कच्चा लोहा और तैयार स्टील, सीमेंट, पेट्रोलियम उत्पाद जैसी वस्तुओं का मुख्य योगदान है।

# टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड से भारत वॉर्म-अप मैच खेलेगा

**दुबई ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से पहले सभी 16 टीमों के लिये अभ्यास (वॉर्म अप) मैंचों की घोषणा की। आईसीसी ने बताया कि ये सभी मैच ब्रिस्बेन और मेलबर्न में खेले जाएंगे। पहले दौर की टीमें अपने वॉर्म अप मैच 10 और 13 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड और जंक्शन ओवल में खेलेंगी। सुपर-12 राउंड में सीधे प्रवेश करने वाली टीमें अपने वॉर्म-अप मुकाबले 17 और 19 अक्टूबर को ब्रिस्बेन के गाबा में खेलेंगी, जिसमें भारत भी शामिल है। पहला अभ्यास मैच 10 अक्टूबर को जंक्शन ओवल में वेस्टइंडीज और संयुक्त अरब अमीरात के बीच होगा। स्कॉटलैंड फिर नीदरलैंड और श्रीलंका के साथ एक ही दिन में दो अन्य मैचों में उसी स्थान पर जिम्बाब्वे से खेलेगा। भारतीय टीम अपना पहला मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 17 अक्टूबर को खेलेगी। रोहित शर्मा की टीम दो दिन बाद 19 अक्टूबर को न्यूजीलैंड का सामना करेगी।

# कोहली का 'विराट' शो, भारत ने अफगानिस्तान को दिया 213 रनों का टारगेट

**नई दिल्ली ।** अफगानिस्तान ने एशिया कप 2022 में अपने आखिरी मुकाबले में भारत के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को सलामी बल्लेबाजों ने दमदार शुरुआत दिलाई है। विराट कोहली और केएल राहुल के बीच पहले विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी हुई। केएल राहुल 41 गेंद में 62 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस टूर्नामेंट में राहुल का ये पहला अर्धशतक है। इसके बाद क्रीज पर आए सूर्यकुमार यादव ने पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा, लेकिन अगली ही गेंद पर वह क्लीन बोल्ड हो गए। सूर्यकुमार ने 6 रन बनाए। अफगानिस्तान के लिए फरीद अहमद ने दो विकेट लिए हैं। विराट कोहली अर्धशतक लगाकर खेल रहे हैं।




अफगानिस्तान के खिलाफ विराट कोहली ने 32 गेंदों पर 2 छक्के व 5 चौकों की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया। एशिया कप में ये विराट कोहली का तीसरा अर्धशतक रहा। इसके बाद केएल राहुल ने भी 36 गेंदों पर अपना अर्धशतक एक छक्का और 6 चौकों की मदद से पूरा किया। केएल राहुल ने 41 गेंदों पर 2 छक्के व 6 चौकों की मदद से 62 रन बनाए और आउट हो गए। इसके बाद विराट कोहली ने 53 गेंदों पर अपने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट करियर का पहला शतक लगाया।

अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में विराट कोहली शानदार लय में नजर आ रहे हैं। भारत ने 20 ओवर में अफगानिस्तान को 213 रनों का टारगेट दिया है।

# भारत ने जीत के साथ समाप्त किया एशिया कप अभियान

**दुबई ।** भारत ने विराट कोहली (122 नाबाद) के बहुप्रतीक्षित शतक के बाद भुवनेश्वर कुमार (चार रन, पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान को एशिया कप के सुपर-4 मैच में गुरुवार को 101 रन से मात दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 212 रन बनाये थे, जिसके जवाब में अफगानिस्तान पूरे ओवर खेलकर 111 रन ही बना सकी।

कोहली ने आखिरकार अपना 71वां सैकड़ा जमाते हुए 61 गेंदों पर 12 चौकों और छह छक्कों की बदौलत 122 रन बनाये। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में कोहली का पहला शतक है। कोहली का यह अंतरराष्ट्रीय शतक 1020 दिनों के लंबे इंतजार के बाद आया है, जबकि उनका आखिरी शतक 23 नवंबर 2019 को बंगलादेश के खिलाफ खेले गये टेस्ट मैच में आया था। यह फाइनल की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी भारतीय टीम का एशिया कप 2022 में आखिरी मैच था, जिसे जीतकर उसने अपने अभियान को समाप्त किया।

टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत को केएल राहुल और विराट कोहली ने शानदार शुरुआत दिलायी और पहले विकेट के लिये 119 रन जोड़े। राहुल ने आउट होने से पहले 41 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की बदौलत 62 रन बनाये। तीसरे स्थान पर बल्लेबाजी करने उतरे सूर्यकुमार यादव ने पहली गेंद पर छक्का लगाया लेकिन दूसरी गेंद पर आउट होकर पवेलियन लौट गये।

इसके बाद विकेट पर आये ऋषभ पंत ने कोहली का साथ दिया और दोनों ने चौथे विकेट के लिये 42 गेंदों पर 87 रन की साझेदारी की। पंत ने इस साझेदारी में सिर्फ 20 रन बनाये। कोहली ने 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर छक्का जडक़र 84 पारियों बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 रन का आंकड़ा छुआ। कोहली ने आखिरी ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाकर भारत को 20 ओवर में 212 रन तक पहुंचाया।

अफगानिस्तान कोहली की पारी से उभरी भी नहीं थी कि दूसरी पारी में भुवनेश्वर कुमार ने उनके ऊपरी क्रम को ढेर कर दिया। भुवनेश्वर ने नयी गेंद से अपना कमाल दिखाते हुए एक मेडेन सहित चार ओवर डालकर पांच विकेट लिये।

भुवनेश्वर ने हज़रतुल्लाह जज़ई, रहमानुल्लाह गुरबाज़ और नजीबुल्लाह ज़ादरान को शून्य पर आउट किया, जबकि करीम जन्नत को दो रन पर स्लिप में कैच करवाया।

# नीरज चोपड़ा ने फिर रचा इतिहास, डायमंड ट्रॉफी जीतने वाले बने पहले भारतीय

**ज़्यूरिख़।** टोक्यो ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने एक और ऐतिहासिक कीर्तिमान रचते हुए ज़्यूरिख़ में डायमंड लीग फाइनल का जेवलिन थ्रो खिताब अपने नाम किया। नीरज ने अपने दूसरे प्रयास में 88.44 मीटर की दूरी पर भाला फेंका जो उन्हें जीत दिलाने के लिए काफी था। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता को अन्य पांच प्रतिभागियों से कोई मुकाबला देखने को नहीं मिला और नीरज ने आसानी से डायमंड लीग फाइनल में पहला स्थान हासिल किया। नीरज ने अपने दूसरे प्रयास में 88.44 मीटर के थ्रो के बाद तीसरे प्रयास में 88 मीटर और चौथे प्रयास में 86.11 मीटर का थ्रो किया। नीरज का पांचवां प्रयास 87 मीटर था जबकि उनका अंतिम प्रयास 83.6 मीटर था। चेक गणराज्य के जाकुब वाडलेच ने 86.94 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले, चोपड़ा ने चोट के बाद शानदार वापसी करते हुए डायमंड लीग शृंखला का लुसाने चरण जीतकर दो दिवसीय फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। फाइनल की विजय के साथ नीरज डायमंड लीग ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। जुलाई में अमेरिका में विश्व चैंपियनशिप में रजत जीतने वाले प्रदर्शन के दौरान उनकी कमर में चोट के कारण वह बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों (28 जुलाई से 8 अगस्त) में हिस्सा नहीं ले सके थे। 24 वर्षीय भारतीय सुपरस्टार ने वापसी के तुरंत बाद अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और 26 जुलाई को लुसाने में 89.08 मीटर के प्रयास से पहला स्थान हासिल किया। डायमंड लीग में चैंपियनशिप-शैली के मॉडल का अनुसरण करते हुए 32 डायमंड डिसिप्लिन शामिल हैं। एथलीट अपने संबंधित खेलों के फाइनल के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए 13-चरण के आयोजन में अंक अर्जित करते हैं। फाइनल में प्रत्येक डायमंड डिसिप्लिन के विजेता को 'डायमंड लीग चैंपियन' का ताज पहनाया जाता है।




## आज का राशिफल

**मेष :** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। हल्की थकान महसूस कर सकते हो। अगर आपका धन से जुड़ा कोई मामला कोर्ट-कचहरी में अटका था तो आज उसमें आपको विजय मिल सकती है और आपको धन लाभ हो सकता है।

**वृष :** आज का दिन ख़ुशियों से भरा रहेगा, क्योंकि आपका जीवन-साथी आपको ख़ुशी देने का हर प्रयास करेगा। आप घूमने-फिरने और पैसे ख़र्च करने के मूड में होंगे। अगर आप अपने काम पर ध्यान दें तो क़ामयाबी और प्रतिष्ठा आपकी होगी।

**मिथुन :** आर्थिक दृष्टि से आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आपकी सबसे बड़ी पूंजी आपकी हँसने-हँसाने की शैली है, अपनी बीमारी को ठीक करने के लिए इसका उपयोग करके देखें। आपको कड़ी मेहनत करनी होगी।

**कर्क :** आज मौज-मस्ती की यात्राएं और सामाजिक मेलजोल आपको ख़ुश रखेंगे और सुकून देंगे। जीवन की गाड़ी को अच्छे से चलाना चाहते हैं तो आज आपको पैसे की आवाजाही पर विशेष ध्यान देना होगा। आज आपको दूसरों की ज़रूरतों पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए।

**सिंह :** आज व्यस्त दिन के बावजूद आपकी सेहत पूरी तरह दुरुस्त रहेगी। आर्थिक तौर पर सुधार तय है। आपकी ज्ञान की प्यास आपको नए दोस्त बनाने में मददगार साबित होगी। जो काम आपने किया है, उसका श्रेय किसी और को न ले जाने दें।

**कन्या :** आज सेहत बढ़िया रहेगी। अगर आप लम्बे वक़्त के लिए निवेश करें, तो अच्छा-ख़ासा फ़ायदा हासिल कर सकते हैं। बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान लगाने और भविष्य के लिए योजना बनाने की ज़रूरत है। आज आप कोई दिल टूटने से बचा सकते हैं।

**तुला :** आज आप खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तन्दुरुस्त बनाए रखेगा। विवाहित दंपत्तियों को आज अपनी संतान की शिक्षा पर अच्छा खासा धन खर्च करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक :** आज कारोबारियों को उन सदस्यों से दूर रहना चाहिए जो आपसे पैसा मांगते हैं और फिर लौटाते नहीं हैं।बाहरी खेल आपको आकर्षित करेंगे- ध्यान और योग आपको फ़ायदा पहुँचाएंगे।

**धनु :** आज कोई अच्छी ख़बर मिल सकती है। आपका धन कहां खर्च हो रहा है इसपर आपको नजर बनाए रखने की जरुरत है नहीं तो आने वाले समय में आपको परेशानी हो सकती है।


**मकर :** आज सूझ-बूझ से आप अतिरिक्त धन कमाएंगे। दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना खय़ाल रखने की इच्छा से टकराएगी- अपने जज़्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले।

**कुंभ :** आपका ऊर्जा-स्तर ऊँचा रहेगा। नया आर्थिक क़रार अंतिम रूप लेगा और धन आपकी तरफ़ आएगा। बच्चे आपको घरेलू काम-काज निबटाने में मदद करेंगे। आज प्यार की मदहोशी में हक़ीक़त और फ़साना मिलकर एक होते मालूम होंगे।

**मीन :** आपका व्यक्तित्व आज इत्र की तरह महकेगा और सबको आकर्षित करेगा। जो लोग अब तक पैसे को बिना वजह ही उड़ा रहे थे आज उन्हें अपने आप पर काबू रखना चाहिए और धन की बचत करनी चाहिए।

# रिलीज हुआ विक्रम वेधा का ट्रेलर, चोर-पुलिस का खेल खेलते दिखे सैफ और ऋतिक

ऋतिक रोशन और सैफ अली खान की फिल्म विक्रम वेधा लंबे समय से चर्चा में है। कुछ दिन पहले फिल्म का टीजर जारी किया गया था जिसमें दोनों अभिनेताओं की झलक देखने को मिली थी। टीजर में दिखाया गया था कि फिल्म में ऋतिक एक गैंगस्टर के किरदार में नजर आएंगे। इसके बाद फिल्म को लेकर लोगों में उत्सुकता बढ़ गई थी। गुरुवार को फिल्म का ट्रेलर भी जारी कर दिया गया है।



ट्रेलर की शुरुआत सैफ और ऋतिक के आमना-सामना से होती है। क्या हर अच्छाई अच्छी होती है और हर बुराई बुरी होती है? फिल्म की कहानी दर्शकों से यही सवाल पूछ रही है। सफेद और काले के बीच स्लेटी की गुंजाइश पर आधारित है इस फिल्म की कहानी। ट्रेलर सैफ और ऋतिक के बीच चूहे-बिल्ली की दौड़, ऐक्शन सीन्स और प्रभावी डायलॉग से भरा हुआ है। फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक ऑरिजिनल तमिल फिल्म का ही रखा गया है।

यह तमिल फिल्म विक्रम वेधा की रीमेक है जो 2017 में रिलीज हुई थी। इसमें अभिनेता विजय सेतुपति और आर माधवन मुख्य भूमिका में थे। माधवन ने विक्रम नाम के एक पुलिस अफसर का किरदार निभाया था, जबकि विजय सेतुपति ने वेधा नाम के ड्रग तस्कर का किरदार निभाया था।

# रजनीकांत और कमल हासन ने लॉन्च किया पोन्निन सेलवन 1 का ट्रेलर

तमिल सुपरस्टार रजनीकांत और कमल हासन ने संयुक्त रूप से शहर के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में निर्देशक मणिरत्नम की बहुप्रतीक्षित फिल्म पोन्नियिन सेलवन 1 का एक शानदार ट्रेलर जारी किया, जो लेखक कल्कि के महाकाव्य उपन्यास पर आधारित है। ट्रेलर एक शानदार फिल्म का वादा करता है जो भारत के सबसे महान साम्राज्य, चोलों की कहानी बताती है।




तीन मिनट 30 सेकेंड के तमिल ट्रेलर की शुरुआत कमल हासन के बैकग्राउंड में फिल्म की पेशकश के बारे में बताते हुए होती है।

ट्रेलर में साउथ के साथ साथ बॉलीवुड के भी कुछ सितारे नजर आए और काफी शानदार कहानी के साथ फिल्म के डायलॉग भी काफी बेहतर थे।

# बची हुई ब्रेड से बनाएं टेस्टी मालपुए

मालपुए या गुलगुले तो आपने कई तरह के बनाकर खाएं होंगे, लेकिन अगर आपको झटपट तरीके से मालपुए बनाने हैं, तो आप इसे घर में बची हुई ब्रेड से बना सकती हैं। जानते हैं इसकी रेसिपी।



### सामग्री :

**बची हुई ब्रेड, कप दूध या घी तलने के फिलिंग के लिए-** 1/2 कप खोया, 1.5 टेबलस्पून चीनी, 1/4 कप बारीक कटे हुए नट्स (बादाम, चिरौंजी, काजू), 1 टीस्पून देसी घी, जरूरत भर चाशनी (पहले से तैयार की हुई)

### विधि :

- एक नॉनस्टिक पैन में घी डालें। इसमें नट्स डालकर अच्छी तरह भूनें। अब इसे दरदरा पीस लें। उसी पैन में खोया डालकर भूनें। इसमें नट्स मिलाएं। चीनी डालकर अच्छी तरह भूनें।
- इस मिक्सचर को ठंडा होने के लिए अलग रख दें। ब्रेड के किनारों को काट लें। ब्रेड स्लाइसेज को हल्का गीला करें। इसमें खोया भरें। इस तरह मनचाहा शेप तैयार कर लें।
- इन सभी मालपुए को डीप फ्राई कर लें। इन्हें गर्म चाशनी में डुबो दें। अब ब्रेड के मालपुए का आनंद लें।

## शब्द सामर्थ्य- 189

**बाएं से दाएं**
1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**
1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 188 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | वा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| क | मा | न | | पा | र | स | | स |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | तौं | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |

## सू-दोकू- 189

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.188 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |